Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 30-11-2006
Participants : Mishra Dr. Rajesh Kumar,Singh Shri Bijendra,Jitin Prasad Kunwar

an>

Title: Regarding shortage of fertilizer in Uttar Pradesh.

चौधरी विजेन्द्र सिंह (अलीगढ़) : अध्यक्ष महोदय, भारत कृाि प्रधान देश है। देश की आबादी के 70 प्रतिशत लोग प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से किसान हैं। उत्तर प्रदेश एक विशाल प्रदेश है। यहां की मुख्य फसल रबी है। इस समय रबी की फसल की बु वाई का वक्त है। पूरे प्रदेश में इस समय खाद की कमी है। कोआपरेटिव सोसायटियों से खाद खरीदने के लिए एक-दो हजार किसान खड़े हैं, लेकिन उनको खाद नहीं मिल पा रही है। ऐसे वक्त में किसान मजबूरी में प्राइवेट डीलरों से डुप्लीकेट खाद खरीद रहे हैं। इससे उनके उत्पादन में कमी आयेगी तथा राट्र की क्षति होगी। सबसे बड़ी बात यह है कि उनकी आर्थिक स्थिति बर्बादी के कगार पर पहुंच गयी है। उत्तर प्रदेश की सभी कोआपरेटिव सोसायटियों में इफको खाद की सप्लाई बंद है। आज की तारीख में इफको कम्पनी खाद नहीं दे रही है। इसका एकमात्र कारण यह है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने समय रहते वहां खाद की व्यवस्था नहीं की। जिन जनपदों में खाद की डिमांड 28 लाख टन थी। ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Please do not make any allegation against any State Government as it is not right to do so.

... (*Interruptions*)

चौधरी विजेन्द्र सिंह : उत्तर प्रदेश सरकार ने समय रहते इफको को पैसे नहीं दिये इसलिए वहां इफको की खाद नहीं पहुंची। पूरे उत्तर प्रदेश में जब किसान खाद की कमी से परेशान हैं तभी अघोाति विद्युत कटौती की घोाणा की गयी। सरकार ने अपनी मानसिकता को उजागर करके यह सिद्ध कर दिया कि उसके मन में किसानों के प्रति कोई दर्द या चिंता नहीं है।

मैं आपके माध्यम द्वारा भारत सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि किसानों का उत्पादन राट्र हित में है। भविय में अगर रबी की फसल का उत्पादन कम हुआ, तो देश में खाद्यान्न का संकट पैदा हो जायेगा। हम चाहते हैं कि वहां खाद की आपूर्ति के लिए सरकार कोई निर्देश दे जिससे किसानों की समस्याओं का समाधान हो सके। इसके साथ ही अघोाति बिजली कटौती को वापस लिया जाये जिससे कुटीर उद्योग चलें। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, वहां खाद की मांग करने पर किसानों पर लाठीचार्ज हुआ। किसानों को पीट कर जेलों में डाला गया। ... (व्यवधान) इस अनैतिक कृत्य को रोका जाये जिससे किसानों को सुविधा मिल सके और राट्र का उत्पादन बढ़ सके। बहुत-बहुत धन्यवाद।

डॉ. राजेश मिश्रा (वाराणसी): अध्यक्ष महोदय, मैं भी इस विाय के साथ अपने को सम्बद्ध करता हूं।

कुँवर जितिन प्रसाद (शाहजहाँपुर): अध्यक्ष महोदय, मैं भी इस विाय के साथ अपने को सम्बद्ध करता हूं।